# ENTRANCE EXAMINATIONS – 2020

## (Ph.D. Admissions - January 2021 Session)

## Ph.D. HINDI

Y-76

Hall Ticket No.

Time : 2 hours

Max. Marks : 70

अनुदेश / Instructions

1. यह लिखित परीक्षा **दो घंटे** की है ।
   The duration of the written test is **Two Hours.**

2. 70 प्रश्नों का यह प्रश्न-पत्र दो भागों में विभाजित है । भाग-ए और भाग-बी । प्रत्येक भाग में 35 प्रश्न हैं । भाग-ए के प्रश्न शोध प्रविधि, सामान्य कौशल, तार्किक विचार आदि से संबंधित हैं और भाग-बी के प्रश्न हिंदी भाषा और साहित्य से संबंधित हैं।
   The question paper is divided into two parts, i.e. Part-A and Part-B. Each part contains 35 questions. Part-A is related to research methodology, general aptitude, logical reasoning etc. and Part-B is related to the area of Hindi Language and Literature.

3. प्रत्येक प्रश्न के उत्तर के रूप में चार विकल्प दिए गए हैं, जिनमें से केवल एक विकल्प सही है ।
   Each question has four answer options. Only one is correct.

4. इस प्रश्न-पत्र में ऋणात्मक अंक का प्रावधान नहीं है ।
   There is no negative marking for the wrong answer.

5. कैलकुलेटर का प्रयोग वर्जित है
   Calculators are not permitted.

4-76

# Part-A

1. एक शिक्षक को शिक्षण के लिए निम्नलिखित में से किस पद्धति का प्रयोग करना चाहिए?
   A. विश्लेषणात्मक-संश्लेषणात्मक
   B. संश्लेषणात्मक -विश्लेषणात्मक
   C. केवल संश्लेषणात्मक
   D. केवल विश्लेषणात्मक
2. आजकल शिक्षण अधिक से अधिक इस प्रकार का होता जा रहा है-
   A. समूह केन्द्रित
   B. शिक्षक केन्द्रित
   C. विद्यार्थी केन्द्रित
   D. ऊपर में से कोई नहीं
3. उच्च शिक्षा में शिक्षण का मतलब है-
   A. विद्यार्थियों को पाठ्य पुस्तकों में दी गई सूचनाएँ प्रदान करना
   B. कक्षा में विद्यार्थियों से प्रश्न पूछना और उनकी परीक्षा लेना
   C. परीक्षा में उत्तीर्ण होने के लिए विद्यार्थियों की सहायता करना
   D. विद्यार्थियों की सीखने में मदद करना
4. विद्यार्थी और शिक्षक के सम्बन्ध कैसे होने चाहिए?
   A. अति अनौपचारिक और आत्मीय
   B. केवल कक्षा तक सीमित
   C. स्नेहपूर्ण और परस्पर सम्मानजनक
   D. उदासीन
5. परिवार एक संस्था है-
   A. अनौपचारिक शिक्षा के लिए
   B. औपचारिक शिक्षा के लिए
   C. औपचारिक और अनौपचारिक शिक्षा के लिए
   D. ऊपर में से कोई नहीं
6. जो पद्धति इस पूर्वानुमान पर आधारित होती है कि किसी भी सामाजिक घटना की व्याख्या कारण-कार्य को समझ कर की जा सकती है, उसे कहते हैं-
   A. प्रत्यक्षवाद
   B. व्याख्यात्मक
   C. गुणात्मक
   D. ऊपर में से कोई नहीं
7. कौन-सा अनुसंधान प्रतिमान वास्तविकता के व्यावहारिक धरातल पर आधारित होता है?
   A. मात्रात्मक शोध
   B. गुणात्मक शोध
   C. मिश्र शोध
   D. ऊपर में से कोई नहीं
8. 'फील्डवर्क' पर आधारित कार्य को कहा जाता है-
   A. क्षेत्र -कार्य
   B. ऐतिहासिक
   C. प्रयोगात्मक

4-76

D. जीवनीपरक

9. निम्नलिखित में से कौन-से तीन घटक मानव सम्प्रेषण प्रकिया के हिस्से हैं?
   A. संदेश, रिकॉर्डिंग और फीडबैक
   B. आवाज, फीडबैक और विशिष्ट शब्दावली
   C. संदेश, आवाज और फीडबैक
   D. ऊपर में से कोई नहीं

10. कक्षा में सम्प्रेषण तब असफल हो जाता है, जब-
   A. विद्यार्थी ध्यान नहीं देते हैं
   B. शिक्षक शिक्षण कला में पारंगत नहीं होता है
   C. विद्यार्थियों की रुचि पढ़ाए जाने वाले पाठ में नहीं होती
   D. कक्षा के अंदर और आसपास बहुत शोर हो रहा होता है

11. नीचे लिखी हुई अंकों की श्रृंखला में गायब अंक है-
   1, 3, 4, 8, 15, 27, ?
   A. 45
   B. 50
   C. 55
   D. 60

12. नीचे लिखी हुई शृंखला के गायब वर्णों का पता लगाइए-
   FTG, GTF, HTI, ITH, ?
   A. JTK
   B. HTL
   C. HTK
   D. JTI

13. शब्दों के विषम जोड़े का पता लगाइए-
   A. बोतल-शराब
   B. कप-चाय
   C. घड़ा-पानी
   D. बल्ला-गेंद

14. SWAYAM का पूर्ण रूप है -
   A. Students Webs of Active -Learning forYoung Aspiring Minds
   B. Study Webs of Active-Learning for Young Aspiring Minds.
   C. Study Webs of Active-Learning for Youth and Mass
   D. Students Webs of Active -Learning for Youth and Mass

15. भारतीय संविधान की आठवीं अनुसूची में कितनी भाषाएँ शामिल है ?
   A. 21
   B. 22
   C. 23
   D. 24

16. भारतीय संविधान की प्रस्तावना में इसे अंगीकृत करने की तिथि है -
   A. 26 जनवरी 1947
   B. 26 जनवरी 1948
   C. 26 जनवरी 1949
   D. 26 जनवरी 1950

17. कथन

Y-76

1. सभी वायुयान रेलगाड़ियाँ हैं।
2. सभी रेलगाड़ियाँ कुर्सियाँ हैं।

निष्कर्ष-

1.कुछ वायुयान कुर्सियाँ हैं।
2. कुछ कुर्सियाँ वायुयान हैं।
3. कुछ कुर्सियाँ रेलगाड़ियाँ है।
4. कुछ वायुयान रेलगाड़ियाँ हैं।

कोड-

A. ऊपर में से कोई भी निष्कर्ष कथन का अनुसरण नहीं करता।
B. केवल 1 और 2 अनुसरण करते हैं।
C. केवल 2 और 3 अनुसरण करते हैं।
D. केवल 3 और 4 अनुसरण करते हैं।

18. निम्नलिखित में से कौन-सी विशेषता कम्प्यूटर की नहीं होती?
A. कम्प्यूटर एक विद्युत यंत्र है।
B. कम्प्यूटर स्वयं कुछ नहीं सोच सकता।
C. कम्प्यूटर सूचनाओं को बिना गलती के संसाधित (process) करता है।
D. कम्प्यूटर किसी भी डेटा को कितनी भी अवधि तक सुरक्षित रख सकता है।

19. एच. टी. एम. एल. ( HTML) का प्रयोग इसकी डिजाइन करने के लिए किया जाता है-
A. वेब पेज
B. वेब साइट
C. ग्रैफिक्स
D. टेबल्स और फ्रेम्स

20. 'प्रेस कौन्सिल ऑफ इंडिया' का कार्यालय यहाँ है-
A. चेन्नई
B. मुम्बई
C. कोलकता
D. दिल्ली

21. राजा रवि वर्मा का सम्बन्ध किससे है -
A. उपन्यास
B. चित्रकला
C. वास्तुकला
D. इनमें से कोई नहीं

22. बायो गैस में यह गैस होती है-
A. 50 से 70% तक मिथेन।
B. 30 से 40% तक कार्बनडाइ ऑक्साइड।
C. हाइड्रोजन और हाइड्रोजन सल्फाइड।
D. ऊपर की सभी।

23. नीलहे किसानों की हड़ताल का सम्बन्ध किस वर्ष से है -
A. 1840 ई.
B. 1850 ई.
C. 1860 ई.
D. 1870 ई.

24. इस राज्य के जंगलों में चंदन की लकड़ी बहुतायत से उपलब्ध है-
A. आंध्रप्रदेश

Y-76

B. कर्नाटक
C. केरल
D. मध्यप्रदेश

25. उच्च शिक्षण संस्थाओं से सम्बद्ध नहीं है -
A. सर्व शिक्षा अभियान
B. विश्विद्यालय अनुदान आयोग
C. राष्ट्रीय ऊच्च्तर शिक्षा अभियान
D. राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद्

26. राष्ट्रीय शिक्षा नीति २०२०के अंतर्गत एम .ए (अंतिम वर्ष) के पाठ्यक्रम को किसके साथ जोड़ा गया है -
A. अनौपचारिक शिक्षा
B. अध्यापन
C. शोध
D. स्वाध्याय

27. 'राष्ट्रीय संस्कृत विद्यापीठ' यहाँ है-
A. तिरुपति
B. चेन्नई
C. हैदराबाद
D. जयपुर

28. 'सार्क विश्वविद्यालय' कहाँ स्थापित है?
A. नई दिल्ली
B. जयपुर
C. काठमाण्डू
D. इस्लामाबाद

29. 'विश्वविद्यालय शिक्षा आयोग' 1948 के अध्यक्ष थे-
A. डॉक्टर एस राधाकृष्णन
B. डॉक्टर डी. एस. कोठारी
C. मौलाना अबुल कलाम आजाद
D. सी. डी. देशमुख

30. 'संविधान निर्मात्री सभा' द्वारा भारतीय नागरिकों के मौलिक अधिकारों को अंतिम रूप देने के लिए गठित समिति की अध्यक्षता इन्होंने की थी-
A. बाबा साहेब अंबेडकर
B. जवाहरलाल नेहरू
C. सरदार पटेल
D. ऊपर के सभी

31. 59 विद्यार्थियों की एक कक्षा की औसत आयु 18 वर्ष है। यदि इसमें एक शिक्षक की आयु भी जोड़ दी जाए तो औसत 3 महीने बढ़ जाता है। शिक्षक की आयु कितनी है?
A. 28 वर्ष
B. 30 वर्ष
C. 33 वर्ष
D. 35 वर्ष

32. एक आदमी को अपनी एक घड़ी 1800 रुपए में बेचने पर 10% का घाटा होता है। वह अपनी घड़ी कितने रुपए में बेचे कि उसे 10% का लाभ हो?
A. 1900 रुपए में

Y-76

B. 2160 रुपए में
C. 2300 रूपये में
D. 2200 रुपए में

33. यदि एक कूट भाषा में '256' का अर्थ है 'तुम अच्छे हो', '637' का अर्थ है 'हम बुरे हैं,' और '358' का अर्थ है 'अच्छा और बुरा।' निम्नलिखित में से किस अंक का अर्थ 'और' है?
A. 2
B. 5
C. 8
D. 3

34. 'इण्डिया ऑफिस रिकार्ड्स' का सम्बन्ध है -
A. ब्रिटिश भारत के इतिहास से
B. मुगलकालीन भारत के शिल्प से
C. स्वाधीन भारत के अभिलेखागार से
D. इनमें से कोई नहीं

35. MOOC का पूर्ण रूप है -
A. MASTER OPEN ONLINE COURSES
B. MASSIVE OPEN ONLINE COURSES
C. MASSIVE ONLINE OPEN COURSES
D. MASTER ONLINE OPEN COURSES

## Part-B

36. इनमें से धनपाल की रचना है-
A. ढोला मारू रा दूहा
B. परमात्म प्रकाश
C. भविसयत्त कहा
D. महापुराण

37. गुरु नानक ने अपने परमात्मा को किस नाम से संबोधित किया है?
A. करतार
B. निरंकार पुरुख
C. महाकाल
D. असिध्वज

38. राजस्थान में भक्ति आन्दोलन का अलख जगाने का श्रेय किसे है -
A. मीरा बाई
B. नाभा दास
C. पीपा दास
D. धर्म दास

39. "शौरसेनी अपभ्रंश या नागर अपभ्रंश का जो सामान्य रूप साहित्य के लिए स्वीकृत था उससे कबीर का लगाव न था " यह कथन किस आलोचक का है?
A. आचार्य हजारीप्रसाद द्विवेदी
B. पीताम्बरदत्त बड़थ्वाल

Y-76

C. सीताराम चतुर्वेदी
D. आचार्य रामचंद्र शुक्ल

40. गोरा-बादल का उल्लेख किस प्रेमाख्यानक काव्य में है?
A. पद्मावत
B. चित्रावली
C. ज्ञानदीप
D. हंसावली

41. कौन-सी रचना नन्ददास की नहीं है?
A. अनेकार्थ मंजरी
B. रास पंचाध्यायी
C. गोवर्धन लीला
D. प्रेम वाटिका

42. 'शरणार्थी' के कवि हैं -
A. त्रिलोचन
B. अज्ञेय
C. नागार्जुन
D. शमशेर बहादुर सिंह

43. "यथार्थवाद लेखक के विचारों के बावजूद प्रकट हो सकता है ." किसका कथन है ?
A. प्रेमचंद
B. एंगेल्स
C. अंतोनियो ग्राम्शी
D. लेनिन

44. "किन्तु साथ ही यह भी ध्यान रखना होगा कि साधारण जनता ने राम को अपना त्राणकर्ता भी पाया ,गुह और निषाद को अपनी छाती से लगाने वाला भी पाया .एक तरह से जन साधारण की भक्ति भावना के भीतर समाये हुए समान प्रेम का आग्रह पूरा हुआ ,किन्तु वह सामाजिक ऊँच-नीच को स्वीकार करके ही .राम के चरित्र द्वारा और तुलसीदासजी के आदेशों द्वारा सदाचार का रास्ता भी मिला." किसका कथन है ?
A. हजारीप्रसाद द्विवेदी
B. रामचंद्र शुक्ल
C. रमेश कुंतल 'मेघ'
D. गजानन माधव 'मुक्तिबोध'

45. निम्नलिखित सूचियों को सुमेलित कीजिए तथा उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए-

सूची-1
1. "यह ललित लाल कैंधों लसत दिग्भामिनि के भाल को"
2. "रावरे रूप की रीति अनूप नयो नयो लागत ज्यों ज्यों निहारिए"
3. "या अनुरागी चित्त की गति समुझै नहिं कोय"
4. "नैन नचाय कही मुसकाय लला फिरि आइयो खेलन होरी"

सूची-2
1. घनानन्द
2. बिहारी
3. पद्माकर
4. केशव

Y-76

| कोड- | 1 | 2 | 3 | 4 |
|---|---|---|---|---|
| A. | क | ग | घ | ख |
| B. | घ | क | ख | ग |
| C. | ग | ख | क | घ |
| D. | ख | क | घ | ग |

46. इनमें से देव की रचना कौन-सी नहीं है?
   A. शब्द रसायन
   B. देव शतक
   C. भवानी विलास
   D. सुजान चरित
47. "हम तो कहत हम आदि -निवासी ,आदि -वंस संतान ,भारत भुइयां -माता हमरी ,जिनकौ लाल सलाम"-किसकी काव्य पंक्ति है -
   A. हीरा डोम
   B. अछूतानन्द हरिहर
   C. मलखान सिंह
   D. पढीस
48. **स्थापना**—(क) वार्ता ग्रन्थों के रचयिता गोसाईं गोकुलनाथ हैं जो वल्लभाचार्य जी के पौत्र थे। इन वार्ता ग्रन्थों का विस्तार उनके अनुयायियों ने किया। चौरासी वैष्णवन की वार्ता में वल्लभाचार्य के शिष्यों का और दो सौ बावन वैष्णवन की वार्ता में गोसाईं विठ्ठलनाथ के शिष्यों का जीवन वृत्त है।

   **तर्क**----(ख) वल्लभ सम्प्रदाय का वार्ता साहित्य गोसाईं विठ्ठलनाथ और गोसाईं गोकुलनाथ के वचनामृत पर आधारित है जिसे लिपिबद्ध करने का कार्य श्रीकृष्ण भट्ट और हरिराय ने किया। हरिराय की गणना ब्रजभाषा गद्यकारों में सबसे ऊपर की जाती है।
   A. क और ख दोनों सही
   B. क और ख दोनों गलत
   C. क सही ख गलत
   D. क गलत ख सही
49. अज्ञेय के अनुसार 'तार सप्तक' का क्या अर्थ है?
   A. सात कवियों का संकलन
   B. एक ही प्रकार की भाव चेतना के तार में पिरोए सात कवियों की रचनाओं का संग्रह
   C. सात तारों का समूह
   D. सात विचारधाराओं का संकलन
50. इन सूचियों को सुमेलित करते हुए सही विकल्प का चयन कीजिए-
   कृति- 1. चक्रव्यूह 2. चुका भी नहीं हूँ मैं 3. हिम बिद्ध 4. साये में धूप
   कृतिकार- क. दुष्यन्त कुमार ख. कुँवर नारायण ग. शमशेर बहादुर सिंह घ. जगदीश गुप्त
   A. 1-ख, 2- ग, 3-घ, 4-क
   B. 1-ग, 2-ख, 3-क, 4-घ
   C. 1-ख, 2-ग, 3-क, 4-घ
   D. 1-घ, 2-क, 3-ख, 4-ग
51. निम्नलिखित कहानियों का रचना काल की दृष्टि से सही क्रम है -
   A. उसने कहा था, पंच परमेश्वर, आकाश दीप, मलबे का मालिक
   B. पंच परमेश्वर, उसने कहा था, आकाश दीप, मलबे का मालिक

4-76

C. मलबे का मालिक , आकाश दीप, उसने कहा था, पंच परमेश्वर

D. आकाश दीप, पंच परमेश्वर,मलबे का मालिक , उसने कहा था

52. निम्नलिखित कथनों के आधार पर दिए गए विकल्पों में से सही कथन का चयन कीजिए-

**स्थापना- (क)** – प्रेमचन्दोत्तर कथाकारों में मनोविश्लेषण की प्रधानता है। वर्ग संघर्ष एवं यथार्थवाद की ओर रुझान भी कुछ कहानीकारों का रहा है तथा उन्होंने प्रेम, रोमांस एवं यौन समस्याओं को भी अपनी विषयवस्तु बनाया है।

**तर्क- (ख)**- युगीन परिवेश को पूर्णतः व्यक्त करने में नई कहानी की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। कहानी के शिल्प ने भी इस काल में उत्तरोत्तर प्रगति की है। अब कहानी में घटना विरलता के साथ-साथ चरित्र पर विशेष बल दिया जाने लगा।

A. क गलत, ख सही

B. क सही, ख गलत

C. क और ख दोनों सही

D. क आंशिक सही, ख आंशिक गलत

53. "भट्ट, वह अशोक वन की सीता है..." यहाँ 'वह' किसके लिए प्रयुक्त हुआ है ?

A. भट्टिनी

B. निपुणिका

C. महामाया

D. सुदाक्षिणा

54. 'साहित्य जन समूह के ह्रदय का विकास है' - किसका निबंध है ?

A. भारतेंदु हरिश्चंद्र

B. प्रतापनारायण मिश्र

C. बालकृष्ण भट्ट

D. राजा लक्ष्मण सिंह

55. इन नाटककारों को काल के आरोही क्रम में व्यवस्थित कीजिए-

A. हरिकृष्ण प्रेमी, भारतेन्दु हरिश्चन्द्र, जयशंकर प्रसाद, लक्ष्मी नारायण लाल

B. जयशंकर प्रसाद, लक्ष्मी नारायण लाल, भारतेन्दु हरिश्चन्द्र, हरिकृष्ण प्रेमी

C. भारतेन्दु हरिश्चन्द्र, जयशंकर प्रसाद, हरिकृष्ण प्रेमी, लक्ष्मी नारायण लाल

D. लक्ष्मी नारायण लाल, हरिकृष्ण प्रेमी, भारतेन्दु हरिश्चन्द्र, जयशंकर प्रसाद

56. 'रस आखेटक' इनमें से किस निबन्धकार का निबन्ध है?

A. विद्यानिवास मिश्र

B. सरदार पूर्णसिंह

C. हजारीप्रसाद द्विवेदी

D. कुबेरनाथ राय

57. "हिंदी साहित्य को यदि लोकतांत्रिक छवि निर्मित करनी है तो उसे पुरोहितवाद और गुरुडम से बाहर निकलना ही होगा ." -किसका कथन है ?

A. ओमप्रकाश वाल्मीकि

B. शरण कुमार लिम्बाले

C. जय प्रकाश कर्दम

D. तेज सिंह

58. विजयदेव नारायण साही का काव्य -संग्रह नहीं है ?

A. साखी

B. संवाद तुमसे

C. छठवाँ दशक

D. मछलीघर

Y-76

59. अनुज लुगुन की कविता नहीं है -
   A. बाघ और सुगना मुंडा की बेटी
   B. अखबार
   C. दो पंक्तियों के बीच
   D. गुरिल्ले का आत्मकथन
60. "समष्टिमूलक उपन्यास के अनुरूप जैसा महाकाव्योचित स्थापत्य 'गोदान' में है, विपरीत 'मैला आँचल' सुसंबद्ध स्थापत्य का उपन्यास है." किसका कथन है ?
   A.नलिन विलोचन शर्मा
   B.रामविलास शर्मा
   C.नेमिचंद जैन
   D.नामवर सिंह
61. 'रूढ़ि' अथवा 'प्रयोजन' के आधार पर किस शब्द शक्ति में अर्थ ग्रहण किया जाता है?
   A. अभिधा
   B. लक्षणा
   C. व्यंजना
   D. कोई नहीं
62. अरस्तू ने अपने अनुकरण सिद्धान्त में किसे महत्व नहीं दिया?
   A. कवि की निर्माण क्षमता को
   B. कवि की अन्तश्चेतना को
   C. कला के स्वतंत्र अस्तित्व को
   D. कला की संवेदन एवं बिम्ब विधायिनी शक्ति को
63. लौंजाइनस ने औदात्य का मूल आधार माना है-
   A. प्रतिभा को
   B. स्वयंप्रकाश ज्ञान को
   C. विषय को
   D. कवि चमत्कार को
64. 'आहुति' कहानी की नायिका हैं -
   A. प्रज्ञा
   B. मृणाल
   C. मल्लिका
   D. रूपमणि
65. "महाचिति सजग हुई सी व्यक्त" में 'महाचिति' किस दर्शन का पारिभाषिक शब्द है?
   A. बौद्ध दर्शन
   B. अद्वैत दर्शन
   C. प्रत्यभिज्ञा दर्शन
   D. जैन दर्शन
66. विक्टर श्लोवास्की का सम्बन्ध किस कला चिंतन से है -
   A. उत्तर आधुनिकतावाद
   B. रुसी रुपवाद
   C. मार्क्सवाद
   D. उत्तर संरचनावाद
67. केदार नाथ सिंह का काव्य -संग्रह नहीं है -
   A. मेरे समय के शब्द
   B. सृष्टि पर पहरा

4-76

C. बाघ

D. तोल्स्तोय और साइकिल

68. कौन-सा युग्म असंगत है?

A. चाँद -रामरख प्रसाद सहगल

B. कर्मवीर- माखनलाल चतुर्वेदी

C. बिहार बंधु -रामवृक्ष बेनीपुरी

D. जागरण -प्रेमचंद

69. "तरुवर के छायानुवाद -सी ,उपमा -सी ,भावुकता -सी .." किसकी काव्य पंक्ति है -

A. पन्त

B. प्रसाद

C. निराला

D. महादेवी

70. 'उपन्यास' नामक पत्रिका के संपादक थे -

A. किशोरीलाल गोस्वामी

B. पाण्डेय बेचन शर्मा 'उग्र'

C. रामचन्द्र शुक्ल

D. प्रेमचंद

**PhD ( Hindi)**

**Entrance Examination- 2021 (January Admission)**

# KEY

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | A | 11 | B | 21 | B | 31 | C |
| 2 | C | 12 | A | 22 | A | 32 | D |
| 3 | D | 13 | D | 23 | C | 33 | C |
| 4 | C | 14 | B | 24 | B | 34 | A |
| 5 | A | 15 | B | 25 | A | 35 | B |
| 6 | A | 16 | C | 26 | C | | |
| 7 | C | 17 | D | 27 | A | | |
| 8 | A | 18 | A | 28 | A | | |
| 9 | C | 19 | A | 29 | A | | |
| 10 | B | 20 | D | 30 | B | | |

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 36 | C | 46 | D | 56 | D | 66 | B |
| 37 | B | 47 | B | 57 | A | 67 | A |
| 38 | C | 48 | A | 58 | C | 68 | C |
| 39 | D | 49 | B | 59 | C | 69 | A |
| 40 | A | 50 | A | 60 | A | 70 | A |
| 41 | D | 51 | A | 61 | B | | |
| 42 | B | 52 | C | 62 | B | | |
| 43 | B | 53 | A | 63 | A | | |
| 44 | D | 54 | C | 64 | D | | |
| 45 | B | 55 | C | 65 | C | | |